BSNL
Connecting India Faster

Press Media Communication Report

-From Public Relations Cell BSNL CO New Delhi

Publication:	हिन्दुस्तान	Page No:	15
Place:	नई दिल्ली	Date:	10/4/2019

बीएसएनएल में सुधार के संकेत दिखे

नई दिल्ली | एजेंसी

सरकारी दूरसंचार कंपनी बीएसएनएल ने पटरी पर लौटने के संकेत दिए हैं। उसने एंटरप्राइज सेगमेंट से 6500 करोड़ रुपये हासिल किए हैं, जो कई महीनों के वेतन और बकाया चुकाने के लिए पर्याप्त हैं।

बीएसएनएल के सीएमडी अनुपम श्रीवास्तव ने कहा कि 91 एंटरप्राइज से 2018-19 में पीएसयू को यह कमाई हुई है। उन्होंने कहा कि कंपनी की वित्तीय स्थिति ठीक है और मोबाइल क्षेत्र के राजस्व में भी सुधार आ रहा है। हम पुनरोद्धार योजना पर काम कर रहे हैं और बुरा वक्त अब खत्म हो चुका है। गौरतलब है कि बीएसएनएल का असली संकट कमाई के मुकाबले वेतन पर भारीभरकम खर्च है, क्योंकि दूरसंचार विभाग से काफी संख्या में कर्मचारी बीएसएनएल में भेजे गए थे।

चुनाव के पहले ही पुनरोद्धार का खाका तैयार होगा

बीएसएनएल और एमटीएनएल के पुनरोद्धार को लेकर चुनाव के पहले ही दूरसंचार विभाग द्वारा कैबिनेट को प्रस्ताव भेजा जा सकता है। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक, इसके लिए चुनाव आयोग से भी मंजूरी ली जा सकती है। प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा दो अप्रैल को इस मुद्दे पर बैठक के बाद दूरसंचार विभाग हरकत में आया है। प्रस्ताव में स्पेक्ट्रम आवंटन और वीआरएस जैसे मुद्दों पर चर्चा हो सकती है।